हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, रविवार,3 मार्च 2024

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

13 शिक्षकों के साथ छात्राओं को दी वित्तीय नियोजन की जानकारी



14 शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों के लिए बरसात बनी आफत



## खबर संक्षेप

### पुलिस ने तमंचे के साथ आरोपी को पकड़ा

**पानीपत।** थाना सनौली पुलिस ने मोहित पुत्र अमित निवासी गांव हथवाला जिला पानीपत को सनौली-बापौली बाईपास पर अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है।

### नशा तस्करी की आरोपी महिला को दबोचा

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस टीम ने जेल में बंद पति को मुलाकात के दौरान कपड़ो व बैग की आड में चरस पहुंचाने वाली आरोपी महिला सुजवंती पत्नी सन्नी निवासी गांव असदपुर जिला सोनीपत को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सिर में गोली मार कर सुसाइड किया

**पानीपत।** पानीपत की हनुमान कालोनी स्थित शराब के खुर्द में इसके संचालक 29 वर्षीय साहिल कश्यन ने अपने सिर में गोली मार कर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। साहिल के पास से मिले सुसाइड लेटर में उसने लिखा है कि वह अपनी मौत का खुद जिम्मेदार है, इस मामले में किसी को भी परेशान ना किया जाए।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

**घरौंडा।** हाईवे पर बाबे दा ढाबा के पास लापता महिला को किसी अज्ञात वाहन की टक्कर मार दी। जिससे एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। करनाल विकास नगर के रहने वाले राजीव पंवार ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी माता इन्द्रो देवी पिछले 6-7 दिनों से लापता हो गई थी। जिसकी शिकायत थाना सैक्टर 32-33 करनाल मे दर्ज करवा दी थी।

# बारिश और तेज हवा ने फसलों पर बरपाया कहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

खेतों में लहलहा रही गेहूं और सरसों की फसल पर शनिवार को तेज हवा के साथ कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश ने कहर बरपा दिया है। हवा के साथ बारिश होने से अधिकांश खेतों में अगेती गेहूं की फसल नीचे बिछ गई है। वहीं, सरसों की फसल को भी नुक्सान हुआ है। किसानों ने खेतों में बिछी गेहूं की फसल में नुक्सान होने की संभावना जताई है। वहीं, बारिश होने से मौसम में ठंडक बढ़ गई और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। शनिवार तड़के दो बजे अचानक आसमान में बादल गर्जने लगे और बिजली कड़कने लगी। कुछ देर के बाद तेज हवा के साथ बारिश शुरु हो गई और करीब रुक-रुक कर दो घंटे होते रही। इसके बाद सुबह सात बजे के करीब फिर से बारिश शुरु हो गई और तेज हवा चलने से कई स्थानों पर खेतों में खड़ी गेहूं व सरसों की फसलें नीचे बिछ गई। दिन के समय दोपहर से शाम तीन बजे तक बारिश थमी रही। जिससे किसानों ने राहत की सांस ली। मगर शाम साढ़े तीन बजे के करीब एक बार फिर आसमान में घने बादल छा गए और गरज के साथ बारिश शुरु हो गई। इस दौरान जिले में कई स्थानों पर तेज तो कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई। मौसम में अभी भी बदलाव जारी है। जिससे किसान चिंतित हो उठे हैं। किसान रोशन लाल, परविंद्र सिंह, रमेश कुमार, श्योराम, बिट्टू, विनोद कुमार, रणबीर सिंह व महाबीर आदि ने बताया कि इस समय गेहूं की फसल खेतों में पकने को तैयार खड़ी है। फसल को तैयार करने पर किसानों की जी-तोड़ मेहनत लगी हुई है। इस समय अचानक बारिश व हवा चलने से उनकी फसल बर्बाद होने की आशंका बन गई है। उनका कहना है कि जिन खेतों में गेहूं की फसल नीचे जमीन पर बिछ गई है, उसमें नुक्सान होने की संभावना बन गई है।

■ किसानों ने जतायी फसल खराब होने की आशंका





**यमुनानगर।** नीचले इलाकों में बारिश व हवा चलने से खेतों में बिछी हुई गेहूं की फसल व बारिश के बीच में से गुजरते हुए वाहन। फोटो : हरिभूमि

### तरावड़ी में बरसात के साथ हुई ओलावृष्टि



तरावड़ी। शाम को 6 बजे के लगभग तरावड़ी में तेज हवाओं के साथ बरसात हुई बरसात के साथ ओलावृष्टि जमकर हुई। शहर मे ओलावृष्टि से सडकों पर सफेद चादर बिछ गई। किसान दलीप सिंह दयालपुरा, बलबीर सिंह, सीता राम का कहना कि थोड़ी बरसात तो फसल के लिये फायदेमंद है लेकिन तेज हवायें और ओलावृष्टी फसलों के लिये नुक्सान देय है। अगर भारी बरसात तेज हवायें चली तो फसल नुक्सान होगा। आसपास के गांवों मे भी बरसात होने के समाचार मिला है।

## कुरुक्षेत्र में गेहूं की फसल खेतों में बिछी

**कुरुक्षेत्र/इस्माईलाबाद।** शुक्रवार रात्रि से ही मौसम में आए परिवर्तन से तेज हवा के साथ आई बरसात का कहर गेहूं पर आफत बन कर बरसा है। तेज हवा के साथ आई बरसात से गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई। किसान अनिल कुमार, दीपचंद, राजेश शर्मा, सौरव शर्मा, कृष्ण जलबेहडा आदि ने बताया कि इस समय गेहूं की फसल निसारे पर है तथा जो निसर चुकी है उनमें दाना बनने की प्रक्रिया शुरू थी। ऐसे में तेज हवा के साथ आई बरसात से गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई है। जिसके कारण पौधे की बलियों में दानों पूरी ग्रोथ नहीं कर पाएगा और दाना बारीक रहने से इसका सीधा असर गेहूं की निकासी पर पड़ेगा। इस वर्ष गेहूं की बम्पर पैदावार होने की उम्मीद थी। लेकिन ऐन समय पर हवा के साथ आई तेज बरसात से गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई है और एक बार फिर से कुदरत का कहर किसानों की फसल पर बरसा है।



इस्माईलाबाद के समीप तेज हवा व बरसात से खेतों में बिछी गेहूं की फसल।

# किसानों ने की मिल अधिकारियों के साथ मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

गन्ना संघर्ष समिति शुगर मिल भादसों के सदस्यों की मीटिंग पिकाडली शुगर मिल भादसों में हुई । मीटिंग की अ ध्य क्ष ता समिति प्रधान रामपाल चहल ने की । मीटिंग में मिल प्रशासन की तरफ से केन मैनेजर कर्म सिंह मौजूद रहे । किसानों ने मांग की कि गन्ने की बकाया पेमेंट शीघ्र करवाई जाए । मीटिंग मे रामपाल चहल ने कहा कि मिल द्वारा किसानों को दी जाने वाली पैमट 45वें दिन मे चली गयी है जबकि मिल को यह पेमेंट 14 दिन के अंदर करनी होती है । उन्होंने कहा कि मिल की ओर किसानों के करीब 76 करोड़ बकाया खडे है । मिल प्रशासन ने किसानों को आश्वासन दिया है कि दस मार्च तक पैमट में सुधार कर दिया जाएगा । समिति ने चेतावनी दी की अगर दस मार्च तक गन्ने की पेमेंट में सुधार नही किया गया तो किसान कोई भी कड़ा नर्णिय लेकर आंदोलन छेड़ देगे । जिसकी पुरी जम्मिेवारी मिल प्रशासन की होगी । इस मौके पर मनजीत चौंगावा, बलकार, गुरनाम मलिक, महद्रिं, भुपेंद्र, तेजपाल, रोहताश व सन्नी कुमार आदि गन्ना संघर्ष समिति सदस्य मौजूद रहे ।

■ गन्ने की बकाया पेमेंट शीघ्र करवाने की मांग की



**इंद्री।** भादसों शुगर मिल मे मिल अधिकारियों के साथ मीटिंग करते गन्ना संघर्ष समिति सदस्य ।

# कुरुक्षेत्र से पांच को अयोध्या जाएगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अयोध्या जाने वाले राम भक्तों के लिए एक अच्छी खबर है। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से मंगलवार 5 मार्च को रात 8 बजे अयोध्या के लिए ट्रेन रवाना होगी। इस ट्रेन में 1504 राम भक्त अयोध्या के लिए रवाना होंगे। 5 मार्च की रात इस ट्रेन में सवार होकर जाने वाले राम भक्तों को मात्र 1175 रुपये आने जाने का किराया अदा करना पड़ेगा और इस 1175 रुपए में आना जाना 2 टाइम का ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर और शाम की चाय भी मिलेगी। मंगलवार 5 मार्च की रात कुरुक्षेत्र से रवाना होकर यह ट्रेन बुधवार 6 मार्च को दोपहर 12.55 पर रामनगरी अयोध्या पहुंचेगी जहां राम लला के दर्शन करने व अयोध्या नगरी का भ्रमण करने के उपरांत सभी रामभक्त वीरवार 7 मार्च को रात करीब 10 बजे आस्था एक्सप्रेस में सवार होकर कुरुक्षेत्र के लिए वापसी करेंगे। शुक्रवार 8 मार्च को ये ट्रेन दोपहर 2 बजे कुरुक्षेत्र स्टेशन पर पहुंचेगी।

भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान ने बताया कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से 1504 रामभक्त 5 मार्च को अयोध्या जाने के लिए शाम 6.30 बजे कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। जहां आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा रामभक्तों को संबोधित करेंगे और रात करीब 8 बजे इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए रवाना करेंगे।

■ 1504 रामभक्त होंगे रवाना, मात्र 1175 रुपये आने जाने का किराया अदा करना पड़ेगा

# झाड़ू बनाने का कच्चा माल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में देवी लाल चौक पर झाडू बनाने का काम करने वाले लोगों के कच्चे माल में अचानक आग लग गई। आगजनी में इस परिवार का करीब सवा दो लाख का नुकसान हो गया। परिवार राजस्थान के भिलवाड़ा से है और गांव के मुखिया से पांच टका ब्याज पर डेढ़ लाख का कर्ज लेकर झाडू बनाने का माल लेकर आया था। आगजनी से माल जल गया और आग लगी देख पूरा परिवार बिलख बिलख कर रो पड़ा, क्योंकि उनकी आजीविका के साधन में ही आग लग चुकी थी। आगजनी की सूचना के बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया।

■ ब्याज पर मुखिया से लिया था डेढ़ लाख का कर्ज

### 10 रुपये की झाड़ू बेचते हैं साहब

पीड़ित परिवार ने बताया कि वे राजस्थान के भिलवाड़ा से हैं और झाडू बनाने का काम करते हैं। करीब तीन हफ्ते पहले ही वे करनाल में देवी लाल चौक पर आए थे। पांच टका के हिसाब से डेढ लाख रुपए का कर्ज लेकर झाडू के काम में लगाया था। 50 हजार रुपए का माल लेकर आए थे और राजस्थान से ट्रांसपोर्ट का खर्च व अन्य खर्चे जोड़े जाए तो करीब एक लाख रुपए बनता है। उन्होंने अपना माल सड़क किनारे फुटपाथ पर ही डाला हुआ था और प्रतिदिन अपने परिवार के साथ खजूर की टहनियों से झाडू बनाने का काम करते है। एक झाडू करीब 10 रुपए में बेची जाती है। सोचा था कि झाडू बनाकर जो आमदनी होगी, उससे मुखिया का कर्ज भी उतर जाएगा और कुछ घर के खर्चे भी चल जाएंगें, लेकिन उनके सभी अरमानों पर पानी फिर गया। किसी ने शरारत की है और माल में आग लगाई है। जिससे उनको करीब सवा दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

### परिवार में हैं 10 से 15 लोग

राजस्थान का एक गरीब परिवार झाडू बनाकर अपना पेट पालने का प्रयास कर रहा था, लेकिन होनी को कुछ ओर ही मंजूर था। आगजनी हुई और माल जल गया। परिवार में करीब 10 से 15 लोग शामिल है। जिसमें छोटे छोटे बच्चे भी है। पीड़ित के पास 5 बच्चे भी है। अब उसे सर्फि इस बात की चिंता है कि वह कैसे अपने बच्चों को पालेगे और कैसे मुखिया का कर्ज उतारेगा। ऐसे में अब परिवार ने लोगों से मदद की गुहार लगाई है। फफकते परिवार और आगजनी से हुई बबार्दी का मंजर देख राह चलते एक सरदार जी ने कुछ हजार रुपए देकर इस परिवार की मदद जरूर की है। ऐसे में अन्य लोग भी सामने आते है तो परिवार को कुछ मदद मिले। ईआरवी इंचार्ज ने बताया कि देवी लाल चौक के पास खजूर की टहनियों से झाडू बनाने का काम कुछ लोग करते है। आगजनी में माल जल गया है। जिससे काफी नुकसान हुआ है। आग पर काबू पा लिया गया है।

## हॉलैंड से दिल्ली पहुंचते ही ठगी का आरोपी गिरफ्तार किया

**पानीपत।** मतलौडा पुलिस ने पानीपत के उरलाना कला निवासी मेजर सिंह को आस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर 11 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के तीसरे आरोपी अमरीक सिंह निवासी तलवंडी सलेम जालंधर, पंजाब को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। थाना मतलौडा प्रभारी इंस्पेक्टर वजीर सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा आरोपी का वर्ष 2023 में लुक आउट नोटिस जारी करवाया गया था। आरोपी अमरीक सिंह वीरवार को हॉलैंड से दिल्ली एयपोर्ट पर उतरा तो वहा लुक आउट नोटिस के आधार पर डिटेन किया गया। थाना मतलौडा पुलिस सूचना मिलने पर दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची और गिरफ्तार किया। अमरीक ने उरलाना खुर्द निवासी कुलदीप सिंह पुत्र गुरनाम सिंह के साथ भी इसी प्रकार 16 लाख रुपए की ठगी की हुई।

## पानीपत में एक व्यक्ति ने बैंक मैनेजर से परेशान होकर सुसाइड किया

**पानीपत।** पानीपत की देशराज कालोनी निवासी संदीप ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। वहीं परिजनों ने बताया कि संदपी ने बैंक से लोन ले रखा था और वह लोन की किश्त बैंक में जमा नहीं कर पा रहा था। जबकि बैंक के प्रबंधक व रिकवरी एजेंट, संदीप पर लोन की बकाया किश्ते जमा करने का लगातार दबाव बनाए हुए थे। परिजनों ने बताया कि संदीप का एक साल से कामकाज बंद था और वह आर्थिक संकट से जूझ रहा था। जबकि बैंक वाले उस पर कर्ज वापसी का दबाव बनाए हुए थे। वहीं संदीप ने अपनी मौत के लिए बैंक के प्रबंधक व रिकवरी एजेंट को जिम्मेदार ठहराया है। इधर, थाना तहसील कैंप पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

■ लोन की बकाया किश्ते जमा करने का दबाव बनाने के चलते उठाया कदम

# सरस्वती नदी के लिए 29 करोड़ का बजट पास

## प्रोजेक्ट से स्वच्छ जल का प्रवाह होगा और पर्यटन भी बढ़ेगा : धुमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सरस्वती धरोहर बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा सरस्वती नदी को फिर से धरातल पर लाने की जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी थी, उसे पूरा करने के लिए विकास बोर्ड द्वारा पूरी मेहनत के साथ काम किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र शहर में सरस्वती नदी बीच से बहकर निकलती है। लेकिन कालांतर के समय से इसका क्षेत्र कम होता चला गया, लेकिन मनोहर लाल सरकार ने इस नदी की सुध ली और सरस्वती नदी रिजर्व नेशन प्रोजेक्ट बनाकर कुरुक्षेत्र में बड़ी सौगात देने का काम किया है। बोर्ड उपाध्यक्ष धुमन सिंह ने कहा कि पिपली से लेकी झांसा रोड तक सरस्वती को चौड़ा करके दोनों सिरों को पक्का किया जाना है। इस कार्यक्रम पर करीब 29 करोड़ का बजट पास किया गया है। सरस्वती नदी में जल के बहाव को बढ़ाने के लिए यह राशि मंजूर की गई है।



■ सरस्वती नदी प्रोजेक्ट को यह 29 करोड़ की राशि चार चांद लगाएगी

### प्रोजेक्ट से शहर का सौंदर्यीकरण बड़े स्तर पर होगा

उन्होंने कहा कि सरस्वती थानेसर शहर की पवित्र नदी कही जाने वाली नदी है। महाभारत का युद्ध सरस्वती के किनारे लड़ा गया यह सभी ग्रंथों में लिखा है। इस प्रोजेक्ट से शहर का सौंदर्यीकरण बड़े स्तर पर पहुंचेगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा कुरुक्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विश्व स्तर पर ले जाने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में सरस्वती नदी प्रोजेक्ट को यह 29 करोड़ की राशि चार चांद लगाएगी। इससे पिपली से लेकर झांसा रोड तक बहुत सारा क्षेत्र जो फ्लड के सीजन में शहर के लिए दिक्कत पैदा करता था अब वह ठीक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य से पिपली से लेकर झांसा रोड तक अभी तक सरस्वती की कैपेसिटी करीब 200 क्यूसेक पानी की है, लेकिन यह कार्य संपन्न होने से इसकी कैपेसिटी 400 क्यूसेक से ऊपर जा हो जाएगी और फ्लड के सीजन में किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आएगी। इस प्रोजेक्ट से न केवल फ्लड को कंट्रोल किया जा सकेगा, बल्कि सरस्वती में स्वच्छ जल का प्रवाह भी होगा और पर्यटन भी बढ़ेगा। सरस्वती बोर्ड द्वारा सरकार के नेतृत्व कई योजनाओं पर काम किया जा रहा है, जिसमें रिवर फ्रंट का निर्माण, घाटों का निर्माण, सरस्वती जलाशयों का निर्माण सहित अनेक कार्य शामिल है। इन सभी कार्यों पर दिन-राम काम किया जा रहा है।



**खबर संक्षेप**

### सरोजनी नायडू की मनाई पुण्यतिथि

**रादौर।** कांग्रेस पार्टी की ओर से शनिवार को रादौर में भारत कोकिला के नाम से प्रसिद्ध एवं स्वतंत्रता सेनानी सरोजनी नायडू की पुण्यतिथि श्रद्धापुर्वक मनाई गई। स्थानीय विधायक डॉ. बिशनलाल सैनी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरोजनी नायडू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। विधायक डॉ. बिशनलाल सैनी ने कहा कि सरोजनी नायडू एक महान स्वतंत्रता सेनानी थी। जिन्होंने देश की आजादी के लिए संघर्ष किया था। उनके द्वारा दिए गए योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए।

### छात्रा के नाम से इंस्टाग्राम पर बनाई आईडी

**यमुनानगर।** अज्ञात युवक ने छात्रा के नाम से इंस्टाग्राम पर झूठी आईडी बना दी। जिससे छात्रा को मानसिक रूप से परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव निवासी 21 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कॉलेज में पढ़ाई करती है। उसे कुछ दिन पहले अपने दोस्तों व रिश्तेदारों से पता चला कि इंस्टाग्राम पर उसकी आईडी बनी हुई है। जिस पर लोग मैसेज कर रहे हैं। जिसके कारण वह मानसिक रूप से परेशान हो गई। वह पढ़ाई पर भी ध्यान नहीं दे पाई। इसके बाद उसके मोबाइल पर युवक को फोन आया। आरोपी ने बिना नाम बताए उससे माफी मांगी और आईडी डिलीट करने का आश्वासन दिया। मगर उसके बाद भी उसके नाम से बनाई गई आईडी डिलीज नहीं हुई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### खो-खो चैंपियनशिप मनाना में होगी

**पानीपत।** पानीपत के गांव मनाना में जिला खो खो संघ के पदाधिकारियों की मीटिंग हुई। मीटिंग की अध्यक्षता जिला खो खो संघ के प्रधान नवीन सैनी ने की। संघ के महासचिव रविंद्र सिंह ने बताया की 23 से 24 मार्च को 43वीं सीनियर राज्य स्तरीय महिला व पुरुष चैंपियनशिप का आयोजन गांव मनाना में किया जाना है। इससे पूर्व जिला स्तरीय सीनियर महिला व पुरुषों की चैंपियनशिप करवानी है।

## ज्योतिबा फुले राजकीय कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# अभय पंजेटा बने बेस्ट एथलीट

### प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



यमुनानगर। विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

ज्योतिबा फुले राजकीय कॉलेज रादौर में चल रही दो दिवसीय वाषिक खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन के मुख्य अतिथि डॉक्टर रमेश कुमार व मॉल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की जनरल सेक्रेटरी कवित वाट का कॉलेज प्राचार्या चंचल रानी ने स्वागत किया। प्रतियोगिता में अभय पंजेटा को बेस्ट एथलीट घोषित किया गया। इस दौरान लड़को की 400 मीटर दौड़ में अभय पंजेटा प्रथम, योगेश द्वितीय व साहिल तृतीया स्थान पर रहे। वहीं लड़कियों की 400 मीटर दौड में शिवानी प्रथम, मंजू द्वितीय व अंजलि तृतीय स्थान पर रही। लड़को की डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में गुलशन प्रथम, राहुल द्वितीय व विनय तृतीया स्थान पर रही। लड़कियों की डिस्कस में तृषा प्रथम, निकिता द्वितीय व शिवानी तृतीया स्थान पर रही। लड़कों की लॉंग जंप प्रतियोगिता में शुभम प्रथम, अमन द्वितीय व योगेश तृतीय स्थान पर रहे। लड़कियों की लॉंग जंप में मनप्रीत प्रथम, तृषा द्वितीय व नितिशा तृतीय स्थान पर रही। लड़को की शॉर्टपुट प्रतियोगिता में गुलशन प्रथम, अमन शर्मा द्वितीय व योगेश तृतीय स्थान पर रहे। वहीं लड़कियों की शॉटपुट में तृषा प्रथम, शिवानी द्वितीय व निकिता तृतीय रही। लड़को की 800 मीटर रेस में अभय पंजेटा प्रथम, शाहिद द्वितीय व योगेश तृतीय स्थान पर रहे। जैवलिन थ्रो में आयुष प्रथम, श्रेयांश द्वितीय व आदित्य तृतीय स्थान पर रहा। लड़कियों की 100 मीटर रेस में निकिता प्रथम, शिवानी द्वितीय व आरजू तृतीय स्थान पर रही। जैवलिन थ्रो में हरमिंदर प्रथम, स्वामी द्वितीय, परमजीत तृतीय स्थान पर रही।



यमुनानगर। ज्योतिबा फुले राजकीय कॉलेज में आयोजित खेल प्रतियोगिता में भाग लेती खिलाड़ी । फोटो : हरिभूमि

लड़कों की 100 मीटर रेस में शुभम प्रथम, अभय पंजेटा द्वितीय व वंश तृतीय स्थान पर रहा। लड़कियों की 100 मीटर रेस में लक्ष्मी प्रथम, आरजू द्वितीय व सलोनी तृतीय स्थान पर रही। लड़को की 1500 मीटर रेस में अभय पंजेटा प्रथम, अनीश द्वितीय व अरुण तृतीय रहा। प्राचार्य चंचल रानी ने एकेडमिक अचीवमेंट लेखन कार्य व सामाजिक योगदान के बारे में उपस्थित स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को अवगत करवाया। मुख्यातिथि डॉ. रमेश कुमार ने विद्यार्थियों को खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए बताया कि उन्हें अपनी पढ़ाई के साथ साथ अपने राष्ट्र व सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति सजग व सचेत रहना चाहिए। इस अवसर पर डॉक्टर संजीव गर्ग डायरेक्टर जमत गेस्ट ऑफ़ ऑनर रहे। महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के संयोजक प्रोफेसर सतपाल रहे।

# टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण जरुरी: डॉ. गर्ग

- जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में स्टाफ डेवलपमेंट कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। रादौर स्थित जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

रादौर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में शनिवार को सीएससी विभाग के तत्वावधान में स्टाफ डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉक्टर एसके गर्ग ने किया। निदेशक डॉक्टर एसके गर्ग ने कहा कि आज के आधुनिक युग में टेक्नोलॉजी के साथ चलने और टेक्निकल योग्यताओं को बढ़ावा देने के लिए समय समय पर कॉलेज की ओर से इस तरह के आयोजन किए जाते हैं।उन्होंने बताया कि आज के समय में टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण प्राप्त करना बेहद जरूरी है। क्योंकि टेक्नोलॉजी की वर्तमान समय में आवश्यकता है। उन्होंने सभी स्टाफ के सदस्यों को नई तकनीक के साथ आगे बढ़ने और आगे भी इस तरह कार्यक्रम आयोजन करने के लिए आहवान किया। इस अवसर पर डॉक्टर मोनिका, जीशान खान, जसविंदर लालर व सुशील कुमार ने भी टेक्नोलॉजी के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर सीएससी विभाग के एचओडी डॉ. गौरव शर्मा व विकास जुनेजा एचओडी आईटी आदि मौजूद रहे।

# दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। रटौली में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में जीत के बाद खुशी मनाते ब्लॉक रादौर की टीम के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन जगाधरी के तत्वावधान में रटौली में आयोजित की जा रही दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर फाइनल मुकाबला हुआ। जिसका शुभारंभ एडविन कंपनी के एमडी रिशव गुप्ता ने रिबन काटकर किया। फाइनल मुकाबला ब्लॉक रादौर के सरपंचो की टीम व ब्लॉक साढ़ौरा के सरपंचों की टीम के बीच हुआ। जिसमें ब्लॉक रादौर के सरपंचों की टीम ने ब्लॉक साढौरा के सरपंचों की टीम को एक आसान मुकाबले में शिकस्त देकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। जगाधरी ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन के प्रधान रिंपी सैनी धौडंग ने बताया कि साढ़ौरा की टीम ने 10 ओवरों में 9 विकेट खोकर 103 रन बनाए।

# तीसरी बार पीएम बनेंगे नरेंद्र मोदी

- प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऑनलाइन जिले की चारों विधानसभाओं में लोकसभा चुनावी कार्यालयों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जगाधरी में लोकसभा चुनाव कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ भाग लेते हुए शिक्षा मंत्री कंवरपाल।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव 2024 में रिकार्ड बहुमत प्राप्त कर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। एनडीए गठबंधन देश भर में प्रधानमंत्री द्वारा घोषित किए गए लक्ष्य 400 सीटों पर विजय प्राप्त करेगा। उक्त शब्द हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने शनिवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के कार्यालयों के शुभारंभ अवसर पर जगाधरी में कहे। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी में खोले गए लोकसभा चुनाव कार्यालय के कार्यक्रम में कहा कि भाजपा संगठन के पास पन्ना प्रमुख से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक मजबूत संगठन है। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि मोदी मनोहर सरकार की गारंटी पर जनता विश्वास कर रही है और आगामी लोकसभा चुनाव में हरियाणा की सभी 10 सीटों पर भाजपा प्रत्याशी भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। वहीं, रादौर, साढ़ौरा में भी लोकसभा चुनाव कार्यालयों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, जिला उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा,भाजयुमो जिला अध्यक्ष निशचल चौधरी व जगदीश विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

# जिलास्तरीय आसपड़ोस युवा संसद का आयोजन

- आस पड़ोस युवा संसद में पक्ष व विपक्ष की भूमिका में युवाओं ने किया वाद विवाद
- सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित युवा संसद में युवाओं का मार्ग दर्शन करते हुए सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा।

नेहरू युवा केंद्र यमुनानगर द्वारा सनक्रेस्ट फाउंडेशन के सहयोग से शहर के जीएनजी कॉलेज में जिलास्तरीय आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेहरु युवा केंद्र से जुड़े जिले भर के युवा वर्ग ने भाग लेकर पक्ष व विपक्ष की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। वहीं, अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी ओंकार स्वामी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित करके किया। आस पड़ोस युवा संसद में युवाओं ने पक्ष व विपक्ष की भूमिका में जमकर वाद विवाद किया गया। इस दौरान प्रश्नकाल समेत अन्य संसद में होने वाली गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। युवा संसद में मनशा मोंगा ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया और उन्हें प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं, सृष्टि गाबा व जीनत ने द्वितीय और आमिश व वार्षिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर मुख्यातिथि एवं सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने से युवाओं को संसद की गतिविधियों के बारे में पता चलता है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग समुदाय और राष्ट्र के विकास में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकता है। उन्होंने आयोजकों को आस पड़ोस युवा संसद का आयोजन करने के लिए बधाई दी और उनकी सराहना की। मौके पर गुरप्रीत कौर ने सत्र का अच्छी तरह से संचालन किया। इस अवसर पर केंद्र की जिला युवा अधिकारी ओंकार स्वामी ने अतिथियों और गणमान्य लोगों को युवा संसद की अवधारणा की जानकारी दी और उसके आयोजन करने के उदेश्य को बताया। मौके पर तनु शर्मा व कॉलेज की निदेशक विरेंद्र गांधी आदि मौजूद रही।

# नाली के पानी को लेकर दो पड़ोसियों में मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- पुलिस ने मारपीट में एक आरोपी को नामजद करते हुए दो अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज

सदर थाना क्षेत्र के रोड छप्पर गांव में नाली के पानी को लेकर दो पड़ोसियों में विवाद हो गया। इस रंजिश को लेकर एक पड़ोसी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर दूसरे पड़ोसी पर रॉड व डंडों से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी रिंकू को नामजद कर दो अन्य पर केस दर्ज कर लिया है। रोड छप्पर गांव निवासी अमरनाथ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कैंप में अमर शूज के नाम से जूतों की दुकान है। करीब एक माह पहले उसकी गांव के ही पड़ोसी रिंकू के साथ नाली के पानी को लेकर बहस हो गई थी। रोज की तरह शाम को वह दुकान बंद करके घर के लिए चला था। करीब साढ़े आठ बजे जब वह अपने गांव के मोड़ पर पहुंचा तो पीछे से गांव के ही रिंकू ने उसकी पीठ में डंडा मारा। जब उसने पीछे मुड़कर देखा तो आरोपी रिंकू के साथ दो अन्य युवक भी थे। जिन्होंने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। इसके बाद तीनों युवकों ने डंडों से उसके साथ मारपीट की। जिसमें उसकी पीठ, बाजू, मुंह, टांग व अन्य स्थानों पर चोटें आई।

# टाटा एलपी धोखे से अपने नाम कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- आरोपियों पर गाड़ी के बकाया पैसे भी न देने का आरोप, पांच आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

पुलिस ने टाटा एलपी गाड़ी धोखे से अपने नाम करवाने के आरोप में पांच आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है। आरोप गांव हवेली निवासी बलजीत सिंह, मनजीत सिंह, मनीष उर्फ मोनू, मंधार निवासी लाडी व रजिस्ट्रेशन क्लर्क पर लगा है। आरोप है कि आरोपियों ने मिलीभक्त करके उनकी गाड़ी को उसके बिना अपने नाम ट्रांसफर करवा ली।

इतना ही नहीं आरोपियों ने गाड़ी का लोन कटने के बाद बकाया पैसे उसे नहीं दिए। आरोपियों ने जो चैक उसे दिए थे वह बैंक बंद हो चुका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार गांव भंभौली निवासी जितेंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि उसने 31 दिसंबर 2018 को टाटा एलपी गाड़ी खरीदी थी। उसने 12 लाख रुपये देकर गाड़ी खरीदी थी। जो कि गाड़ी उसे साढ़े 36 लाख रुपये में पड़ी थी।

बाकि 24 लाख 26 हजार रुपये का उसने लोन करवाया था। जिसकी मासिक किस्त 64 हजार रुपये थी। अगस्त 2020 तक वह लोन की 17 किस्तें दे चुका था। इस दौरान उसकी पत्नी व मां बीमार पड़ गई। जिस कारण व किस्तें भरने में असमर्थ था। उसने गाड़ी को बेचने का मन बना लिया। उसने गाड़ी बेचने के लिए मंधार निवासी लाडी से बात की। वह आरोपी मनीष उर्फ मोनू तथा एक अन्य आरोपी को साथ लेकर उसके घर आ गया।

आरोपियों ने उसे बताया कि वह गाड़ी उन्होंने बलजीत सिंह को दिलवानी है। उसका आरोपियों के साथ साढ़े 25 लाख रुपये में गाड़ी बेचने का सौदा तय हो गया। जिसमें गाड़ी की रूकी हुई किस्तों की राशि भी शामिल थी। आरोपियों ने गाड़ी की किस्तें जमा करवाने के बाद बकाया राशि उसे देने का वायदा किया था। इस दौरान आरोपियों ने उसे बंद हो चुके बैंक के दो चैक दिए। बाद में आरोपियों ने उसे बताया कि उसने यह गाड़ी मनजीत के नाम ट्रांसफर करवा दी है। उसने आरोप लगाया कि आरोपियों ने दस्तावेजों पर उसके हस्ताक्षर किए बिना गाड़ी को धोखे से अपने भाई मनजीत के नाम ट्रांसफर करवा दी। जिसमें आरोपियों ने उसका साथ दिया। जब उसने चैकों की जांच की तो पता चला कि यह बैंक बंद हो चुका है। जिस कारण उन चैकों का कोई महत्व नहीं है। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी।

पुलिस अधीक्षक ने मामले की सुनवाई के बाद पुलिस को मामला दर्ज करने के आदेश दिए। जिसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# हैप्पी खेड़ी लगातार बने भाजपा मंडल रादौर के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



- भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेड़ी को दी बधाई

रादौर मंडल के अध्यक्ष बने हैप्पी खेड़ी का फाइल फोटो।

भाजपा की ओर से हैप्पी खेड़ी को लगातार दूसरी बार रादौर मंडल अध्यक्ष बनाए जाने के फैसले का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया है। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेड़ी को कार्यकर्ताओं ने मुंह मीठा करवाकर बधाई दी। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेडी ने कहा कि पार्टी की ओर से उन्हें रादौर मंडल अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई है। वह पार्टी की नीतियों व योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। वह पार्टी के साथ अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर पार्टी को मजबूत बनाने का काम करेंगे। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज व कार्यकर्ताओं का हार्दिक आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड जीत दर्ज करेगी।

## शिक्षा मंत्री ने गांव लेदी में बने सामुदायिक भवन का किया उद्घाटन

# शहरों की भांति हो रहा गांवों का विकास: कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। लेदी गांव में सामुदायिक भवन का उद्घाटन करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के स्कूल शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश भर में शहरों की भांति गांवों का विकास किया जा रहा है। उन्होंने उक्त जानकारी जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के गांव लेदी में 25 लाख रुपये की लागत से बने नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घघाटन करते हुए दी। मौके पर ग्राम वासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शहरों की भांति गांवों को और सुन्दर और विकसित करने का काम किया जा रहा हैं। आज हरियाणा में 90 विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं। कोई भी क्षेत्र विकास कार्योंं से अछूता नहीं है। पिछले साढे. नौ वर्षों में जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में अनगिनत विकास कार्यांे को करवाने का काम किया गया है। आगे भी जो भी विकास कार्य होंगे उन्हें भी तीव्रता से करवाते हुए आम जनमानस को इसकी सुविधा देने का काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गांव लेदी में नवनिर्मित सामुदायिक भवन से ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा।

**ये रहे मौजूद**

शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि आगे भी गांव वासियों द्वारा जो भी कार्य बताएं जाएँगे उन्हें चरणबद्ध तरीके से करवाने का काम किया जाएगा। प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया और उनका लाभ उठाए जाने के लिए आहवान किया। इस अवसर पर राजेश सरपंच, ओम प्रकाश आर्य, शिव कुमार, हुकम सिंह,राम जतन, राजेश भारद्वाज, बाबू राम, वेद प्रकाश व जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

# दो दिवसीय आर्य मेले का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



रादौर। आर्य समाज मंदिर में पूर्व जस्टिस प्रीतमपाल सिंह को सम्मानित करते सुशील बत्रा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

युगप्रवर्तक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष में आर्य समाज रादौर के तत्वावधान में शनिवार को रादौर में दो दिवसीय वार्षिक आर्य मेले का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में आर्य समाज रादौर के मंत्री प्रदीप आर्य सदम्पति यजमान के रूप में उपस्थित रहे। वेदों के प्रगाढ़ ज्ञाता रणबीर शास्त्री द्वारा पूरी विधि विधान से वैदिक हवन यज्ञ सम्पन्न करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व जस्टिस एवं प्रदेश के लोकपाल रहे प्रीतम पाल ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं पूर्व न्यायाधीश प्रीतम पाल ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा आर्य समाज की स्थापना उस समय की थीए जब पूरे समाज में कुरीतियों का बोलबाला था। स्वामी दयानन्द सरस्वती जी ने महिला शिक्षा व महिलाओं के अधिकारों पर जोर दिया। हम सभी को महर्षि दयानन्द के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व जस्टिस प्रीतमपाल सिंह को सुशीत्रा बत्रा व अन्य सदस्यों ने शॉल औढाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संगीताचार्य जयपाल आर्य द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन संदेश व आर्य विचारधारा पर प्रकाश डाला गया।

## खबर संक्षेप

### टैक्स के लिए शुरू की वन टाइम सेटलमेंट योजना

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। उपमंडल अधिकारी नागरिक सुरेंद्र पाल ने कहा कि हरियाणा आबकारी व कराधान विभाग द्वारा कर वसूली को लेकर वन टाइम सेटलमेंट योजना की शुरूआत की गई है। पंजीकृत व्यापारी और उद्योगपति 30 मार्च 2024 तक योजना का लाभ उठा सकते हैं। जीएसटी से पहले सात कर अधिनियमों से संबंधित मामलों को निपटाने के लिए यह योजना शुरू की गई है।



### सरकार नंबरदारों की सभी लंबी मांगों को करें पूरा

लाडवा। लाडवा विश्राम गृह में नंबरदार एसोसिएशन द्वारा बैठक आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता उप प्रधान राजीव नंबरदार ने एवं मंच का संचालन महासचिव सुभाष लाठी धनौरा ने किया इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता हरप्रीत सिंह चीमा ने कहा कि नंबरदार लंबे अरसे से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं लेकिन सरकार नंबरदारों की मांगों को पूरा ना करके लंबरदारों की अनदेखी कर रही है जिस कारण की समस्या जो कि जो बनी हुई है। इस मौके पर सभी नंबरदारों ने विचार विमर्श करते हुए कहा कि अगर सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती तो नंबरदार सरकार का विरोध करेंगे।

### रोटरी क्लब ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**शाहबाद**। रोटरी क्लब द्वारा सिद्धार्थ हस्पताल में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में मेयर वीटा बायोटिक्स फार्मा प्राइवेट लिमिटेड, चंडीगढ़ द्वारा निशुल्क बीएमडी टेस्ट किया गया। यह टेस्ट रोटेरियन डॉ. दीपक शर्मा प्रोजेक्ट चेयरमैन और मुकेश गोयल सह प्रोजेक्ट चेयरमैन की देखरेख में किया गया। इसमें 128 मरीजों का निशुल्क टेस्ट किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रोटरी प्रधान रो. आशुतोष गर्ग द्वारा की गई तथा उन्होंने आए हुए सभी मरीजों को अपने आपको स्वस्थ रहने के लिए कहा। प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. डॉ दीपक शर्मा और रोटरी प्रधान आशुतोष गर्ग ने बताया कि रोटरी क्लब, शाहाबाद मारकंडा द्वारा समय समय पर जरूरतमंद लोगों के ऐसे निशुल्क कैंप लगाए जाते हैं। उन्होंने बीएमडी टेस्ट के बारे में जानकारी दी और मरीजों को समय समय पर हेल्थ चेकअप करवाने की सलाह दी।

### भाजपा के लोस चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**शाहबाद**। शनिवार को शाहाबाद में लाडवा रोड पर कुरुक्षेत्र लोकसभा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ। यह उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए किया। इससे पहले मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव एवं पूर्व राज्य मंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेश कार्यकारी सदस्य बीबी करतार कौर, नपा प्रधान गुलशन कवात्तरा, पूर्व नपा प्रधान बलदेव राज चावला और शाहाबाद मंडल अध्यक्ष मुलखराज गुंबर ने सरबत के भले हेतु अरदास की और सभी भाजपा कार्यकताअरं को चुनावी कार्यालय की बधाई दी। कृष्ण बेदी ने कहा कि जिस तरह 2019 में हरियाणा में तमाम 10 सीटों पर भाजपा ने विजय हासिल की थी। उसी तरह इस बार भी 10 की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा विजय होगी।

### बेमौसम बरसात गेंहू की फसल के लिए हुआ फायदे का सौदा

# बारिश से हुआ जलभराव बना शहर के लोगों के लिए आफत



कुरुक्षेत्र। अंबेडकर चौक के समीप रेलवे फाटक के पास टूटी हुई सड़क से जूझते हुए निकलते दोपहिया वाहन चालक। फोटो: हरिभूमि

**एक और जहां किसानों को बारिश से फायदा हुआ तो वहीं जिले में जगह-जगह लोग परेशान भी दिखे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ !!!

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। शनिवार सुबह से जिले में बारिश के चलते कहीं खुशी कहीं गम का माहौल रहा। जहां एक ओर शहरी क्षेत्र में कई जगह बारिश का पानी भरा मिला जिसके चलते वाहनों का चलना दुभर हो गया वहीं दूसरी ओर सर्दी में हुई इस बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए। क्योंकि पिछले कई दिनों से ग्रामीण क्षेत्रों में गेहूं की फसल पानी की कमी को झेल रही थी। मगर अब यह बारिश गेहूं की फसल के लिए वरदान साबित हो रही है क्योंकि गेहूं की फसल आजकल निसर रही है। ऐसे में यह बारिश गेहूं की फसल के लिए लाभकारी साबित हो सकती है। शहरी क्षेत्र की बात करें तो कई निचले स्थान पर बारिश का पानी भरने से लोगों को जूझना पड़ रहा है। बारिश होने से पारा गिर गया है और ठंड बढ़ गई है। शहर में आजकल कुरुक्षेत्र कैथल रेलवे लाइन पर एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का निर्माण हो रहा है जिसके चलते रेलवे फाटक के आसपास मिट्टी खोदने की वजह से बारिश ने मुश्किल में बढ़ा दी हैं।



**गेहूं और सरसों की फसल के लिए वरदान बनी बारिश**

*कुरुक्षेत्र। जिला में शनिवार सुबह अचानक आसमान में घने बादल छा गए। ठंडी हवाएं चलने लगी और एकाएक हुई बारिश से जहां ठंड में थोड़ा इजाफा हुआ वही बारिश गेहूं और सरसों की फसल के लिए वरदान बनकर आई। बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। मौसम विभाग ने भी एक से तीन मार्च तक मौसम परिवर्तनशील रहने का अंदेशा जताया था। शुक्रवार को भी दिनभर आसमान में बादल छाए रहे थे। शनिवार सुबह करीब 9 बजे बारिश शुरु हुई। करीब आधा घंटा बारिश होने के बाद धूप के दर्शन हुए। उसके बाद दिनभर सूर्यदेव और बादलों के बीच आंखमिचोली का खेल चलता रहा। दोपहर बाद अचानक से फिर से आसमान में घने बादल छा गए और झमाझम बारिश शुरू हो गई जोकि जारी रही। बारिश से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। जिले का अधिकतम तापमान 23 डिग्री व न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिला में शनिवार को औसतन 7 एमएम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने रविवार को भी बारिश का अंदेशा जताया है। जिला में शनिवार को हुई हल्की बारिश गेहूं की फसल के लिए फिर अमृत के सामान साबित हुई है। इससे किसानों ने बड़ी राहत महसूस की है। मौसम विभाग ने रविवार को भी वर्षा होने की संभावना जताई है। ऐसे में फसल की सिंचाई की जरूरत पूरी हो जाएगी। कृषि अधिकारियों का कहना है कि हल्की वर्षा फसलों के लिए फायदेमंद है। इससे जमीन में अंदर तक पानी चला जाता है। गेहूं की फसल में जल्द दाने बनने शुरू हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में पौधे की जड़ नम भूमि में रहनी चाहिए। इससे पौधे का विकास विकास होगा और दाने अच्छे बनेंगे। इस समय गेहूं और सरसों में फूल आने लगे हैं। ऐसे में हल्की वर्षा फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि अभी एक-दो दिन और इसी तरह वर्षा होगी। इससे अगले दो-तीन हफ्ते के लिए फसलों को पर्याप्त पानी मिल जाएगा।*

## ब्रह्माकुमारीज के नए सेवा केन्द्र का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केन्द्र की प्रभारी बी.के. सरोज बहन ने शनिवार को निकटवर्ती गांव ईशरगढ़ में ब्रह्माकुमारीज के नए सेवा केन्द्र का उद्घाटन किया और शिव ध्वज लहराया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। दीप प्रवज्जलन में लाडवा सेवा केन्द्र की इन्चार्ज बी.के. ज्योति बहन, सैक्टर-13 सेवा केन्द्र की इन्चार्ज बी.के. शकुन्तला बहन, पिपली सेवा केन्द्र की इंचार्ज बी. के. प्रेरणा बहन व बी.के रेखा बहन ने उनका सहयोग किया। बी.के. सरोज बहन ने महाशिवरात्रि पर्व वारे बताया कि परमपिता परमात्मा शिव जिन्हें भोलानाथ भी कहते हैं, वे इतने भोले हैं कि हम से कोई वस्तु, वैभव नही लेते, अपितु हमारे अन्दर की कड़वाहट, बुराइयों व कमियों को लेकर हमें सुख शान्ति का जीवन प्रदान करते हैं। हमें अपनी कमियों, बुराइयों को छोडने का व्रत लेना है। मन की सच्चाई, बुद्धि की सफाई, ऐसे ही इस शिव रात्रि पर हमें सच्चाई के साथ मन बुद्धि की सफाई कर उसे स्वच्छ बनाना है। इस दौरान बी.के. ज्योति और बी.के. शकुन्तला बहन ने भी महाशिवरात्रि पर्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए की गूढ़ रहस्यों से पर्दा उठाया। बी.के प्रेरणा बहन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सभी आई हुई बहनों का स्वागत किया। इस अवसर पर बी.के. मधु बहन, बी.के. लता बहन, बीके रीना बहन, बी.के. सीमा बहन आदि रहीं।

### बच्चों का सर्वांगीण विकास होना जरूरी

**कुरुक्षेत्र**। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि समाज में प्रत्येक बच्चे के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए सरकार अनेक योजनाएं चला रही है। जोखिम पूर्ण परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाले परिवारों के बच्चों की उचित देखभाल व अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए स्पॉन्सरशिप योजना की शुरू की है। इस योजना के तहत प्रत्येक चयनित बच्चे को 4 हजार रुपये प्रति माह आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य बच्चों के जीवन में पढ़ाई की अलख जगाते हुए उन्हें मुख्यधारा में शामिल करना है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि इस योजना का लाभ कई प्रकार के बच्चे ले सकते हैं।



### नई तकनीकों के प्रयोग से शिक्षण रोचक व प्रभावी

**कुरुक्षेत्र**। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा है कि नई शिक्षा नीति से जहां शिक्षा का परिदृश्य बदल रहा है, वहीं शिक्षण की नई तकनीक प्रयोग में लाई जा रही हैं। इन नई तकनीकों के प्रयोग से शिक्षण रोचक व प्रभावी होगा और बेहतर परिणाम आएंगे। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल थानेसर में की-रिसोर्सपर्सन्स की पांच दिवसीय कार्यशाला के उदघाटन अवसर पर डीईईओ विनोद कौशिक ने कहा कि शिक्षकों को इन नई तकनीकों का प्रयोग खुलकर करना चाहिए। पिछले साल बच्चों को साक्षरता व संख्या ज्ञान की राष्ट्रीय पहल निपुण मिशन के तहत पहली से तीसरी कक्षा में एफएलएन कार्यक्रम शुरू किया गया था, जिसके आश्चर्यजनक परिणाम सामने आए हैं। आगामी शैक्षिक सत्र 2024-25 से कक्षा चौथी व पांचवीं को भी निपुण मिशन हरियाणा के तहत एफएलएन कार्यक्रम के दायरे में लाया जाएगा।

## युवाओं को रोजगार देने में नाकाम साबित हुई बीजेपी-जेजेपी सरकार : मनदीप चट्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिहोवा



■ कम उम्र में बढ़ रहे हार्ट अटैक के मामले चिंता का विषय : डा. मनिन्द्र हरिया

हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनदीप सिंह चट्ठा ने कहा कि केंद्र की मोदी और हरियाणा की खट्टर-दुष्यंत सरकार के डबल इंजन ने पढ़े-लिखे युवाओं को बेरोजगारों की ऐसी कतार में बदल दिया है, जो हर जगह खड़ी मिलती है। चाहे पानीपत कोर्ट की चपरासी भर्ती हो, चाहे यमुनानगर चपरासी भर्ती या फिर युद्ध क्षेत्र इजराइल के लिए मजदूरों की मांग। हरियाणा के पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं की कतार हर जगह देखने को मिल जाएगी। इस बार ये नजारा अंबाला कोर्ट में देखने को मिला, यहां चपरासी के सिर्फ 12 पदों के लिए करीब 9000 अभ्यर्थी आवेदन की लाइन में खड़े थे। हैरानी की बात ये है कि बेरोजगारों की इस भीड़ में ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और एमएससी से लेकर एमटेक पास नौजवान भी मौजूद थे। बेरोजगारी की चक्की में पिस रहे ये युवा सफाई कर्मी तक बनने को तैयार हैं। हरियाणा के सरकारी विभागों में 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं। लेकिन उन पर पक्की भर्तियां करने की बजाय खट्टर-दुष्यंत सरकार हरियाणवी प्रतिभाओं को ऐसे कामों में झोंक रही है, जहां उनकी योग्यता और कौशल का पूरा इस्तेमाल ही संभव नहीं है। मनदीप सिंह चट्ठा ने कहा कि कौशल निगम के जरिए हो रही कच्ची भर्तियां भी ऐसा ही दलदल है। असल में कौशल निगम के तहत युवाओं को जो काम मिल रहा है, उसे ना भर्ती कहा जा सकता है और ना ही रोजगार। क्योंकि खुद सरकार द्वारा जारी कौशल निगम की पूरी पॉलिसी में रोजगार या नौकरी जैसे किसी भी शब्द का इस्तेमाल नहीं किया गया। ना ही इसमें कहीं सैलरी का कोई जिक्र है। ये ठीक ऐसा ही है।

### अनाधिकृत ट्रैवल एजेंट से रहें सावधानः रमन

**कुरुक्षेत्र**। नगराधीश रमन गुप्ता ने कहा कि आमजन शिक्षा, रोजगार व अन्य उद्देश्यों के लिए विदेश भेजने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अनाधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों से सावधान रहें। लोगों को चाहिए कि वे सरकार की ओर से अधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों से ही विदेश जाने के लिए संपर्क करें और अच्छी तरह से पूछताछ कर लें। नगराधीश रमन गुप्ता ने बातचीत करते हुए कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार इस बारे लोगों को जागरूक एवं सावधान किया जाता है। प्रायः देखने में आता है कि विदेश भेजने के नाम पर लोगों से पैसे ठगने वाले एजेंट पंजीकृत नहीं होते हैं। इसलिए ऐसे एजेंटों से आमजन को सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है।

## जब रोशनी होती है नाटक के माध्यम दिखाया सच और झूठ का आइना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। नाटक में प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

आदमी जब नंगा होता है तो किसी से नहीं डरता। नंगे आदमी को कभी कुछ खोने का डर नहीं होता। नंगा आदमी सिर्फ नंगा होता है। ऐसे संवादों के साथ चण्डीगढ़ के कलाकारों ने हरियाणा कला परिषद की साप्ताहिक संध्या में खूबसूरत नाटक प्रस्तुत किया। मौका था कला कीर्ति भवन में आयोजित नाटक जब रोशनी होती है के मंचन का। इस अवसर पर गीता विद्या मंदिर के प्रबंधक राजेश गोयल बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्या भारती के जिला संयोजक एवं केडीबी के सदस्य अशोक रोशा ने की। मंच का संचालन मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने किया। जीन पॉल सार्त्र की रचना द फलाईस पर आधारित नाटक जब रोशनी होती है का नाट्य रूपांतरण परमानंद शास्त्री एवं गुरुशरण सिंह द्वारा किया गया। निर्देशन पंजाबी फिल्म अभिनेता एवं रंगकर्मी बनिंद्रजीत सिंह ने किया। इम्पेक्ट आर्टस चण्डीगढ़ के कलाकारों द्वारा अभिनीत नाटक में दिखाया गया कि बादशाह अपने क्षेत्र के लोगों पर अत्याचार करता है। अपनी बादशाहत को दिखाते हुए अपनी प्रजा को तंग करता है।

## कांग्रेस भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आज

■ भूपेंद्र सिंह हुड्डा, चौधरी उदयभान करेंगे कार्यकर्ताओं को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी उदयभान तथा कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता रविवार 3 मार्च को सांय 4 बजे जिला कांग्रेस भवन में कार्यकताअरं की बैठक को संबोधित करेंगे। यह जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने बताया कि इस बैठक में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल होंगे। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने बताया कि इंडिया गठबंधन ने आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा चौधरी उदयभान कांग्रेसी कार्यकताअरं को चुनाव प्रचार में जुट जाने का निर्देश देंगे। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के कार्यकर्ता गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता को भारी बहुमत से विजय बनाने के लिए तन मन धन से कार्य करेंगे। अशोक अरोड़ा ने कहा कि गठबंधन के प्रत्याशी सुशील गुप्ता भारी बहुमत से विजई होंगे।

## हृदयरोग विशेषज्ञ डा. मनिन्द्र हरिया ने आदेश में संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहबाद



हृदय रोग विशेषज्ञ डा. मनिन्द्र हरिया।

■ कम उम्र में बढ़ रहे हार्ट अटैक के मामले चिंता का विषय : डा. मनिन्द्र

मोहड़ी स्थित आदेश कॉलेज व अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ डा. मनिन्द्र हरिया ने पदभार संभाल लिया है। डा. मनिन्द्र हरिया की ज्वाईनिंग से आदेश के किडयोलॉजी विभाग में एक विशेष कड़ी जुड गई है। इससे पहले डा. मनिन्द्र हरिया अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल के हृदय रोग विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे थे। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में डा. मनिन्द्र हरिया ने कहा कि हृदय घात अब छोटी उम्र के युवाओं में बढ़ता जा रहा है जोकि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पहले हार्ट अटैक के मामले 60 की आयु के बाद देखे जाते थे, फिर इससे 40 से 50 वर्ष की उम्र के लोग ग्रसित होने लगे लेकिन अब 20 से 30 साल तक के युवा इसकी चपेट में आने लगे हैं। उन्होंने कहा कि जिसका कारण गल्त जीवन शैली है। उन्होंने कहा कि आज लोगों में जंक फूड का क्रेज बढ़ा है और स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि इस जमाने के लोग एक्सरसाईज और वाकिंग से दूर होते जा रहे हैं और जो हृदय घात या अन्य बीमारियों का बढ़ा कारण है। हृदय रोग विशेषज्ञ डा. मनिन्द्र हरिया ने कहा कि हृदय रोगों से बचने के लिए जरूरी है कि संतुलित खान-पान की तरफ जाएं, दिनचार्य में योग, व्यायाम को शामिल करें और नींद पूरी लें। उन्होंने कहा कि बीपी और शुगर रोगियों को अपना विशेष ध्यान रखने की जरूरत है क्योंकि इस तरह के रोगियों को दिल की बीमारी का खतरा अधिक रहता है।



### प्रदेश की सभी सीटों पर खिलेगा कमल : सुधा

**कुरुक्षेत्र**। विधायक एवं कुरुक्षेत्र लोकसभा के संयोजक सुभाष सुधा ने कहा कि भाजपा प्रदेश की सभी 10 सीटों पर भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी। इस पार्टी की नीतियों से आज प्रदेश का हर वर्ग खुश है और उत्साह के साथ भाजपा के पक्ष में वोटिंग करने के लिए तैयार है। विधायक सुभाष सुधा पिपली रोड पर थानेसर विधानसभा चुनाव कार्यालय के उदघाटन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऑनलाइन प्रणाली से हरियाणा प्रदेश की सभी 90 विधानसभा चुनावी कार्यालय का उदघाटन किया और कार्यकताअरं को पूरे जोश और खरोस के साथ चुनावों की तैयारी करने के लिए कहा है। विधायक ने कहा कि थानेसर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा सरकार ने हजारों करोड रुपए के विकास कार्य करवाएं है। इस भाजपा सरकार ने आमजन मानस की सुख सुविधाओं को देखते हुए ही विकास कार्य करवाएं है।

## कुरुक्षेत्र ने रायपुर को 2-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र में ऑल इंडिया इंटर एनआईटी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिन सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। खिलाड़ियों के बीच स्पर्धा को देखकर दर्शकों का जोश दोगुना हो गया। एनआईटी कुरुक्षेत्र ने एनआईटी रायपुर 2-0 से जीत हासिल की और अन्य मैचों में एनआईटी राउरकेला ने एनआईटी वारंगल 2-1 से हराया, वही दूसरी ओर एनआईटी पुदुचेरी ने एनआईटी सिलचर 2-0, एनआईटी सूरत ने एनआईटी पटना 2-1 से , एनआईटी रायपुर ने एनआईटी उत्तराखंड से विजेता रहीं। लड़कियों के वर्ग में एनआईटी भोपाल ने एनआईटी कालीकट 2-0 जीत हासिल किया और एनआईटी त्रिची ने एनआईटी सूरत को 2-1 जीत हासिल किया, एनआईटी कुरुक्षेत्र ने एनआईटी रायपुर और एनआईटी दुगार्पुर पर शानदार जीत हासिल किया , वही दूसरी ओर एनआईटी सूरत, एनआईटी पुदुचेरी, एनआईटी भोपाल विजेता रहीं। इस अवसर एनआईटी संस्थान के डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर दीक्षित गर्ग, शारीरिक शिक्षा और खेल के प्रोफेसर इनचार्ज डॉ. पी.सी. तिवारी, स्टूडेंट एक्टिविटी एंड स्पोर्ट्स ऑफिसर शहाबुद्दीन सर, डॉ पंकज वर्मा आदि मौजूद रहे।

### ऐमिनेंट पर्सन द्वारा लगाए गए आरोपों का ठेकेदारों ने किया विरोध

# भ्रष्टाचार के आरोपों के विरोध में उतरे ठेकेदार

**सीएम विंडो के ऐमिनेंट पर्सन द्वारा उनकी निजता का हनन किया जा रहा है: विशाल भाटिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते ठेकेदार विशाल भाटिया।

सीएम विंडो के एक ऐमिनेंट पर्सन द्वारा नगर परिषद के ठेकेदारों पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर नगर परिषद के ठेकेदारों ने एकजुट होकर इसका विरोध जताया है। रेलवे रोड स्थित एक निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ठेकेदार विशाल भाटिया ने कहा कि सीएम विंडो के ऐमिनेंट पर्सन ऐसे आरोप लगाकर एक तो सरकार को गुमराह कर रहे है और दूसरी ओर अपने पद का भी दुरुपयोग कर रहे है। पिछले दिनों सीएम विंडो के एक ऐमिनेंट पर्सन ने मीडिया के समक्ष कहा था कि नगर परिषद के ठेकेदार और जेई ने मिलकर जमीन की खरीद की है जोकि नियमों के खिलाफ है और यह सीधे पर नगर परिषद में चल रहे भ्रष्टाचार का जागता सबूत है, इस पर ठेकेदार विशाल भाटिया ने कहा कि किसी व्यक्ति के किसी के साथ आपस में किसी भी तरह के संबंध हो सकते है जिसके तहत वह आपस में मिलकर जमीन की खरीद-फरोख्त कर सकते है। ऐसे में इसको भ्रष्टाचार कहना गलत है। ठेकेदार विशाल ठेकेदार ने कहा कि सीएम विंडो के ऐमिनेंट पर्सन द्वारा उनकी निजता का हनन किया जा रहा है। वे इसके लिए मानहानि का दावा ठोकेंगे। इस अवसर पर ठेकेदार कुलदीप शर्मा गोल्डी, प्रवीण ढींगरा, अनिल शर्मा, आशू खुंगर, राजीव सलूजा, अविनाश शर्मा, नवीन अरोड़ा, विरेंद्र मेहंदीरता, सोनू खुंगर, जगमोहन कवातरा सहित कई ठेकेदार मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज कोर्ट पेशी के दौरान ड्यूटी को बाधित कर भागने के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपी मुकेश कुमार को प्रोडक्शन वांरट पर गिरफ्तार किया है। महेशनगर थाना में तैनात जय गोपाल ने 24 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी मुकेश कुमार ने कोर्ट पेशी के दौरान ड्यूटी को बाधित कर भागने का प्रयास करने का अपराधिक कार्य किया है।

### धमकी देने के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी मनदीप उर्फ निक्का को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। शिकायतकर्ता सुखदेव ने 31 दिसम्बर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी मनदीप उर्फ निक्का व अन्य ने उसे मारपीट कर घायल करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

### एक लाख का मिलेगा अनुदान

**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जाति के किसानों को 45 एचपी व अधिक क्षमता के ट्रैक्टर पर 1 लाख का अनुदान दिया जा रहा है। इसके लिए आवेदन 11 मार्च तक किसान विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### 7 को लगेगी लोक अदालत

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम सौरभ गुप्ता ने बताया कि जनसाधारण के हितों को ध्यान में रखते हुए 7 मार्च 2024 को स्थायी लोक अदालत, श्रम न्यायालय व उपभोक्ता अदालत में विशेष प्री लोक अदालत का अयोजन किया जाएगा। गुप्ता ने यह भी बताया कि सेशन जज कंचन माही के मार्गदर्शन में स्वच्छता, बिजली, पानी इत्यादि संबंधित प्रीलिटिगेशन स्टेज पर मुकदमें स्थायी लोक अदालत में निपटाए जा सकते हैं।

### युवक घर से लापता, अभी तक नहीं लगा सुराग

**अंबाला।** बलदेव नगर स्थित शर्मा कॉलोनी का साहिल 28 फरवरी को घर से बिना बताए कहीं चला गया है। वह अभी तक वापिस नहीं लौटा है। उसकी माता ज्योति ने साहिल की गुमशुदगी रिपोर्ट थाना बलदेवनगर में दर्ज करवाई है। मुख्य सिपाही शक्ति सिंह ने बताया कि साहिल की उम्र लगभग 21 साल, रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, पतला-फुर्तिला शरीर, कद 5 फुट 8 इंच है।

### छात्रों को मिलेगी चीनी बनाने तक की जानकारी

**शहजादपुर।** स्कूली बच्चों को अब शुगर मिल से जुड़ी हर जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। इसको लेकर मिल प्रबंधन की ओर से नई मुहिम शुरू की है। उपमंडल के स्कूली छात्रों को इस मुहिम का लाभ मिलेगा। इस दौरान छात्रों को मिल में गन्ना डालने से लेकर उसकी चीनी बनाए जाने की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। एसडीएम यश जालुका ने खंड के शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे अपने- स्कूलों के कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को शुगर मिल में लाने के लिए शेड्यूल तैयार करें।

### किसान बोले परवाह नहीं, फसलों को न हो नुकसान

# शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों के लिए बरसात बनी आफत, गिरे तापमान से ठंड भी बढ़ी

**हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचे कई पंजाबी कलाकार, युवाओं को भी आंदोलन में हिस्सेदारी के लिए किया प्रोत्साहित, रुक रुककर हो रही बरसात से बढ़ी दिक्कतें**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला




**अंबाला।** बरसात के दौरान इंको पुल के नीचे जमा पानी, शंभू बॉर्डर पर लंगर तैयार करते किसान व सेक्टर नौ में जलभराव का दृश्य।

शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों की बरसात ने मुसीबत बढ़ा दी है। शनिवार तड़के से निरंतर रुक रुककर हो रही बरसात से किसानों के टेंट गीले गए। टेंटों से रिसता पानी गद्दों में भी चला गया। बरसात होने के साथ ही गिरे तापमान से सर्दी भी बढ़ गई। अब किसानों के सामने बरसात के साथ सर्दी से निपटने की भी चुनौती खड़ी हो गई है। हालांकि किसानों ने साफ कहा कि उन्हें बरसात से दिक्कत नहीं है। ज्यादा बरसात से फसलों को नुकसान हो सकता है।

### किसानों ने किए थे बचाव के इंतजाम

पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदल रहा था। किसानों को भी बरसात होने की संभावना थी।

- **रविवार को भी तेज हवाओं के साथ बरसात की संभावना, चाय का लंगर तैयार करने में आ रही दिक्कतें, शुभकरण की अरदास के बाद होगा दिल्ली कूच पर फैसला**

ऐसे में शंभू बॉर्डर पर डटे ज्यादातर किसानों ने बरसात से बचाव के इंतजाम कर लिए थे। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को तिरपालों से टक लिया था। सड़क किनारे लगाए गए टेंटों को भी सुरक्षित किया गया था। फिर भी निरंतर हो रही बरसात किसानों के लिए चुनौती बन गई है। बरसात का पानी रिसकर किसानों के बिस्तरों में घुस रहा है। इसी वजह से रात को किसानों को सोते समय मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि सर्दी से बचाव के लिए किसान आग जलाकर बचने का प्रयास कर रहे हैं।

### लंगर बनाने में आ रही दिक्कत

बरसात से किसानों को लंगर बनाने में दिक्कत आ रही है। वैसे तो लंगर आसपास के गांवों से तैयार होकर आता है। फिर भी काफी किसान खुद चाय- खीर का लंगर मौके ही तैयार करते हैं। ऐसे में किसानों को लंगर तैयार करने में दिक्कत हो रही है। हालांकि किसानों का कहना है कि उन्हें इसकी कोई परवाह नहीं है। उसके पास पहले से ही लंगर के भंडार हैं।

### कई कलाकार बढ़ाने पहुंचे हौसला

शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों को 19 दिन हो गए हैं। दिल्ली कूच को लेकर किसानों ने यहां डेरा जमाया हुआ है। किसान एमएसपी की गारंटी का कानून बनाने समेत अन्य मांगों को संघर्ष कर रहे हैं। युवा किसान शुभकरण के भोग होने तक किसानों ने अभी शंभू व खनौरी बॉर्डर पर डटे रहने का फैसला किया है। रविवार को शुभकरण की आत्मिक शांति के लिए अरदास होगी। शनिवार को कई पंजाबी लोक कलाकार किसानों का हौसला बढ़ाने बॉर्डर पर पहुंचे। हालांकि बरसाती मौसम होने के कारण कलाकार किसानों का मंनोरजन नहीं कर पाए। पिछले किसान आंदोलन को पंजाबी कलाकारों ने मजबूत किया था। साथ ही पंजाब के युवाओं को भी आंदोलन से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई थी।

### रविवार को भी बरसात की संभावना

दो दिनों से मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। रुक रुककर हो रही बरसात से ठंड ने फिर विस्तार ले लिया है। पिछले 24 घंटे में तापमान में भी गिरावट आई है। न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने रविवार को बरसात के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने की भी बात कही है। कई जगहों पर तेज बरसात होने की संभावना जताई गई है।

### कई रिहायशी कॉलोनियों में हुआ जलभराव

बरसात की वजह से अंबाला शहर व छावनी की कई रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव हो गया। इसकी वजह से लोगों को खासी दिक्कतें हुई। खासकर छावनी की उन कॉलोनियों में बरसात ने लोगों की टेंशन बढ़ा जिसमें विकास कार्य चल रहे हैं। छावनी की ऐसी कई कॉलोनियों हैं जहां सड़कों के साथ पीने के पानी व सीवरेज की लाइन डाली जा रही है। ऐसी कॉलोनियों में अब बरसात से कीचड़ की स्थिति बन गई है। इसके अलावा अंबाला शहर रेलवे स्टेशन, घेल गांव के पास बने अंडरब्रिज में एक से डेढ़ फुट पानी जमा हो गया। यही स्थिति इंको पुल की भी रही। यहां भी करीब दो फुट पानी जमा होने से वाहन चालकों को बेहद दिक्कतें हुई।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक की लापरवाही से हुए हादसे में कार सवार की मौत

- पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


**अंबाला।** हादसे में क्षतिग्रस्त कार का दृश्य।

ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली में बिजली के खंभें लादे हुए थे। चंडीगढ़ की तरफ से आ रही एक गाड़ी सीधी उसमें टकरा गई। हादसे में पति-पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। अस्पताल में पति की दर्दनाक मौत हो गई। मरने वाले की पहचान सेक्टर-38ए चंडीगढ़ के पवन कुमार सिंगला के रूप में हुई है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-38ए चंडीगढ़ के ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि वह अपने छोटे भाई पवन कुमार सिंगला, भाभी अराधना को अपनी गाड़ी में सवार होकर पंचकूला से अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहा था। गाड़ी छोटा भाई पवन चला रहा था। साइड वाली सीट पर वह बैठा था। पीछे वाली सीट पर उसकी भाभी बैठी थी।करीब 8 बजे चंडीगढ़-अंबाला रोड पर बलदेव नगर फ्लाईओवर के ऊपर पहुंचे। यहां बीच हाईवे ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि ट्रॉली में बिजली के खंभे लोड किए हुए थे। ट्रॉली में पीछे व साइड में कोई सेफ्टी कोन नहीं लगा हुआ था। न ही ट्रैक्टर का कोई इंडिकेटर जलाया हुआ था। उन्हें ऐसा भ्रम हुआ कि ट्रैक्टर-ट्रॉली हमारे आगे चल रही है। जैसे ही वे नजदीक पहुंचे तो उसके भाई ने गाड़ी के ब्रेक लगाए लेकिन उनकी गाड़ी पुल से नीचे उतरते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोड बिजली के खंभे में टकरा गई। हादसे में उसका भाई पवन व भाभी अराधना गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसके भाई पवन को मृत घोषित कर दिया। आरोपी चालक मौके पर ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़ कर फरार हो गया।

### कैंटर चालक की लापरवाही से हुए हादसे में कार सवार जख्मी

**बराड़ा।** गांव अधोई के पास कार व कैंटर की टक्कर होने से कार में सवार व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव सारन वै बलदेव सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तीन भाई बहन है। उसकी बहन इंद्रजीत कौर नारनौल में ब्याही हुई है। वह इन दिनों उनके घर सारन में आई हुई थी। 23 फरवरी को उसका भाई इंद्रजीत अपने दोस्त की कार लेकर अपनी बहन इंद्रजीत कौर को शाहाबाद में बस में बिठाने के लिए सुबह लगभग 2:30 पर घर से निकला। जब वह बहन को बस में बिठकार वापिस लौट रहा था गांव अधोई के पास सामने से आ रहे एक कैंटर ने उसकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एमएम अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अंबाला मेरा परिवार, आपदा पर हमेशा खड़ा रहा साथ

- पूर्व मंत्री विनोद शर्मा बोले युवाओं को रोजगार दिलाना है तो आईएमटी लगवाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


**अंबाला।** स्कूली छात्रों को साइकिलें बांटते पूर्व मंत्री

पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि अंबाला शहर मेरा परिवार है। मैंने हमेशा परिवार का सदस्य होने का फर्ज निभाया है। चाहे कोविड का समय हो या फिर बाढ़ आने के बाद लोगों की मदद करने का मामला हो। विनोद शर्मा ने कहा कि जब वह पहली बार अंबाला से विधायक बने थे तो उस समय साफ कर दिया था कि हमारा रिश्ता कोई राजनीतिक नहीं होगा। मैं अपने किए गए वायदे को निभा आ रहा हूं। शर्मा ने कहा कि परिवार की जरूरत को देखते हुए ही बच्चों की मदद करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि 11वीं व 12वीं के बच्चों को शिक्षा हासिल करने के लिए एक गांव से दूसरे गांव जाना पड़ता है, जिसके कारण उनका समय बर्बाद होता है। इसी को देखते हुए 11वीं व 12वीं के बच्चों को साइकिलें वितरित की जा रही हैं। शर्मा अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत अंबाला के गांव सौंटा, सौंटी, जनसूआ गौरसिया, जनसूई, निहारसी, बकनौर, मिया माजरा, बंबे, निहारसा, चुगना, अलाऊदीन माजरा सहित कई गांवों में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गांवों में विनोद शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा हासिल करने के बाद हर युवा का सपना होता है कि उसे नौकरी मिले और जब नौकरी नहीं मिलती तो युवाओं को लगता है कि इतनी पढ़ाई करने का क्या फायदा। केवल आईएमटी लगने के बाद ही युवाओं को रोजगार मिल सकता है। आईएमटी लगवाने के लिए आपके साथ की जरूरत है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कुलदीप सिंह डंगडेहरी, मदन मोहन घेल, सुखजंट सिंह छोटा चेयरमैन, सौंटा से कुलदीप सिंह, सौंटी से पूर्व सरपंच साहिब सिंह, वकील सिंह, नरेश कुमार, सरदुल सिंह, सरुप सिंह, करनैल सिंह, कविराम, प्रीतम सिंह, बकनौर से प्यारा सिंह, कुलविंद्र सिंह बकनौर, जगतार सिंह, सुरेंद्र सिंह, बलकार सिंह, गुरबचन सिंह, सरपंच कप्तान सिंह, मियां माजरा से करतार सिंह, बम्बे से पूर्व सरपंच अशोक कुमार, धर्मचंद, गुरमीत सिंह, बलकार सिंह, शमशेर सिंह पूर्व सरपंच, चुगना से अशोक कुमार आदि रहे।

## जनता को पांच किलो अनाज नहीं रोजगार चाहिए

- इनेलो नेता ने भाजपा सरकार की नीतियों पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


**अंबाला।** टुंडला में ग्रामीणों को संबोधित करते इनेलो नेता ओंकार सिंह।

गांव टूंडला में बूथ नंबर पर इनेलो कार्यकर्ताओं की बैठक में संपन्न हुई। इसमें अनेक लोगों ने इनेलो की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर इनेलो नेता ओंकार सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश व प्रदेश में बीजेपी सरकार गलत नीतियों के कारण गरीबों की संख्या बड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हम देश की 82.5 करोड़ जनता को हर माह 5 किलो मुफ्त अनाज दे रहे हैं। साथ ही यह अभी दावा करती है कि पिछले 10 साल में हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठा दिया है। यहां सोचने की बात यह है कि यदि देश में 82.5 करोड़ गरीब हैं और 25 करोड़ जनता को गरीबी रेखा से ऊपर उठा दिया है तो इसका मतलब है कि 2014 मे 107.5 करोड़ गरीब थे। कितनी अजीब बात है कुल 130 करोड़ की जनसंख्या में से 107.5 करोड़ गरीब और हम विश्व गुरु बनने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता को 5 किलो अनाज देकर गरीब न बनाओ बल्कि उन्हें रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाओ। उन्होंने प्रदेश की जनता से आह्वान किया कि वर्ष 2024 में प्रदेश मे इनेलो की सरकार बनाने में सहयोग करें। इनेलो सरकार बनने पर हर घर में एक रोजगार दिया जाएगा और रोजगार न दिए जाने की स्थिति में शिक्षित बेरोजगार को 21000 रुपये महीना बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। जनता को मंत्र 5 किलो अनाज पर आश्रित करना गलत है।

## आरपीएफ ने चोरी के मोबाइल फोन समेत दो युवकों को किया काबू

- चार मोबाइल फोन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन से 2 चोरों को काबू किया है। इनके कब्जे से चोरीशुदा 4 स्मार्ट मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस को पूछताछ में अन्य वारदात सुलझने की संभावना है।

आरपीएफ के जवान धर्मराज राठी व सत्ते कुमार प्लेटफार्म नंबर 2/4 पर लुधियाना की साइड गश्त कर रहे थे। इस दौरान जब जवान यात्रियों की तलाशी लेने लगे तो बैंच पर बैठे 2 युवक उठकर जाने लगे। शक होने पर पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। बैंच से उठकर जाने का कारण पूछा तो घबरा गए।पूछताछ में दोनों युवकों ने अपनी पहचान अंबाला कैंट के कुलदीप नगर का सौरभ गुप्ता व बीसी बाजार के सचिन यादव के रूप में बताई।

तलाशी लेने पर सौरभ गुप्ता की जेब से 2 स्मार्ट मोबाइल और सचिन यादव की जेब से भी 2 स्मार्ट मोबाइल बरामद हुए। दोनों आरोपियों से चारों मोबाइल के बिलों के बारे में पूछा गया लेकिन जवाब नहीं दिया। सख्ती से पूछा तो बताया कि उन्होंने रेलवे स्टेशन से ये चारों मोबाइल चोरी किए थे। जीआरपी थाने की पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शिक्षकों के साथ छात्राओं को दी वित्तीय नियोजन की संपूर्ण जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


**अंबाला।** वर्कशॉप में जानकारी देते हुए विश्वजीत।

अंबाला छावनी के आर्य गर्ल्स कॉलेज में शनिवार को कैरियर गाइडेंस सेल एवं सेबी और नेशनल सेंटर फॉर फाइनेंशियल एजुकेशन के तत्वाधान से ''वित्तीय जागरूकता'' पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं और स्टाफ ने हिस्सेदारी की। कार्यक्रम का आयोजन वित्तीय संबंधी जानकारी देनी और जागरूकता लाना था। इस प्रोग्राम का शीर्षक ''वेल्थ मैनेजमेंट एंड सिक्योरिटी एनालिसिस'' रहा। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता की भूमिका सर्टिफाइड कॉरपोरेट ट्रेनर विश्वजीत और निधि शर्मा, नेशनल सेंटर फॉर फाइनेंशियल एजूकेशन ने निभाई। उन्होंने प्रतिभागियों को वित्तीय नियोजन पर संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने वित्तीय योजना व कर योजना के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न प्रकार के निवेश के रास्ते जैसे म्यूच्यूअल फंड के बारे में भी विस्तार से बताया। इसके साथ ही उन्होंने शांतिपूर्ण सेना निवृत्ति के लिए निवेश कैसे करें पर भी प्रकाश डाला। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनुपमा आर्य ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से वित्तीय साक्षरता और जागरूकता आती है और वित्तीय समस्याओं का समाधान होगा जिससे समाज और राष्ट्र सुरक्षित होगा।

## ऑनलाइन भैंस खरीदने के लालच में लगा 78 हजार का चूना, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

गांव कंबासी में एक व्यक्ति ने ऑनलाईन भैंस खरीदने के चक्कर में हजारों रूपये गंवा दिए। यहां के रहने वाले सतपाल सिंह ने बताया कि वह एक दिन अपने मोबाईल में यूट्यूब पर एक वीडियो देख रहा था। उसमें भैंस के बेचने-खरीदने का विज्ञापन भी था। इस विज्ञापन पर दिए गए नंबर पर उसने भैंस लेने के लिए कॉल की तो उधर से बातचीत करने वाले व्यक्ति ने उसे वाट्सएप पर भैंस की फोटो भेज दी। बताया कि यह भैंस 14 लीटर दूध देती है। ठग ने कहा कि यह भैंस किराया सहित उसको 60000 रूपये की पड़ेगी। पीड़ित को बताया कि यह भैंस कैंटर के द्वारा उसके घर पर भेज दी जाएगी। सतपाल ठग के जाल में फंस गया। उसके कहने पर उसने गांव के सीएससी सेंटर पर जाकर फोन पे के माध्यम से 25 फरवरी 2024 को 10000 रूपये भेज दिए। बाकी पैसे भैंस घर पहुंचने के बाद देने की बात तय की। ठग का उसे दोबारा फोन आया कि अभी 15 हजार रूपये और भेज दो जल्द ही उसे भैंस भेज दी जाएगी। सतपाल ने फिर उसी फोन नंबर पर 15000 रूपये डलवा दिए। कुछ समय के बाद शातिर ने फिर फोन किया और पैसे मांगे। सतपाल भी उसकी बातों में आकर अब तक ठग को 78 हजार रूपये भेज चुका है। ठग ने उसे 13 हजार रूपये और भेजने को कहा तो अपने साथ ठगी होने का शक हो गया।

### भाजपा ने सभी मंडल अध्यक्षों की घोषणा की

**अंबाला।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से नए मंडल अध्यक्षों का ऐलान कर दिया गया है। पार्टी के जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की। यह घोषणा भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी के आदेश पर की गई है। इस बार पार्टी की ओर से अंबाला शहर विधानसभा से अमन सूद को अंबाला शहर, राम चंद्र सैनी को बलदेव नगर, हरीश शर्मा को दुर्गा नगर, गुरजंट सिंह को बलाना, सोमनाथ कश्यप को जनसुई को मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया है। इसी तरह नारायणगढ़ विधानसभा से गुरनाम सिंह को शहजादपुर, रणदीप सिंह बांका को नारायणगढ़, मुलाना विधानसभा से मंगू राम को मारकंडा, संजीव मिश्र को साहा, कृष्ण राणा डिंपल को बराड़ा, जरनैल तलहेड़ी को मुलाना, जसपाल कलेरां को मोहड़ा का मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। अंबाला कैंट विधानसभा से राजीव गुप्ता डिंपल को सदर विजेंद्र चौहान को महेश नगर, किरणपाल चौहान को अंबाला कैंट ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

### नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने का संकल्प लिया

# राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार

- जैन बोले पूर्व पीएम राजीव गांधी थे पंचायती राज विधेयक के सूत्रधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


**अंबाला।** नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए एडवोकेट रोहित जैन और अन्य।

कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का शनिवार को विस्तार किया गया। इस दौरान संगठन के कई नए पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई। इसमें एडवोकेट देवेंद्र सांगवान को संगठन का जिला उपप्रधान बनाया गया। एडवोकेट भजन सिंह बहगल उगाड़ा भी उपप्रधान बनाए गए हैं। महासचिव की भूमिका एडवोकेट रघुबीर सिंह नडियाली को दी गई है। बलबबीर सिंह रतनगढ़ व सुखविंद्र सिंह टंगेडियां को जिला सचिव बनाया गया है। भानोखेड़ी के संदीप सिंह संधू को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। सभी नियुक्तियां जिला पंचायती राज अध्यक्ष सुरजीत सिंह पंजोखरा के आग्रह पर पार्टी हाईकमान की ओर से किया गया है। नए पदाधिकारियों ने अहम जिम्मेदारी मिलने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के चेयरमैन डॉक्टर सुनील पंवार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन का आभार जताया है। इन पदाधिकारियों ने जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का भी संकल्प लिया है। एडवोकेट रोहित जैन ने सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंप कर बधाई दी। जैन ने कहा राजीव गांधी पंचायती राज विधेयक के सूत्रधार थे। दूरदर्शी सोच वाले राजीव गांधी ने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देकर सत्ता के विकेंद्रीकरण का सपना देखा था। पंचायती राज संस्थाओं के जरिए लोगों को सशक्त बनाने का काम आसान नहीं था फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी। वह कोई साधारण नेता नहीं थे। उन्हें एक राष्ट्र के रूप में हमारी चुनौतियों और अवसरों को पहचानने की क्षमता का आशीर्वाद प्राप्त था।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष तरुण चुघ, सुरजीत सिंह पंजोखरा, कांग्रेस जिला सेवादल प्रधान कुलदीप सिंह गुल्लू, अशोक बरतिया, प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव सचिन पुनिया, रूप चंद, कैप्टन जितेंद्र पाल सिंह सोढ़ी, रोहित गर्ग, विपिन गर्ग, राहुल अग्रवाल भी मौजूद थे।